PAGAE/4/2025-HINDI I/1520151/2026

**कार्यालय प्रधान महालेखाकार लेखा एवं हक)), पश्चिम बंगाल,**

**Office of the Pr. Accountant General (A&E), West Bengal**

**ट्रेजरी बिल्डिंग्स - कोलकाता ,700 001**

**Treasury Buildings, Kolkata-700001**

क्र. संख्या.PAGAE/4/2025-HINDI/16 दिनांक: 13 /07/2026

**परिपत्र**

**विषय: कार्यालय की हिंदी गृह-पत्रिका 'वन्दे मातरम्' के 33वें अंक हेतु प्रकाशनार्थ सामग्री।**

यह सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन हिंदी पत्रिका 'वन्दे मातरम्' के 33वें अंक का ई-प्रकाशन किया जाना है। कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपनी रचनाएँ **31/07/2026 तक** राजभाषा अनुभाग में जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

रचना दो (02) प्रतियों में ए-4 (A-4) आकार के कागज में एक तरफ स्पष्ट लिखी हुई अथवा टाइप की हुई हो। रचनाकार से संबंधित रचना की सॉफ्टकॉपी भी (एमएस वर्ड या डॉक. फ़ाइल) देने की अपेक्षा की जाती है। साथ ही रचनाकार संलग्न प्रारूप में अपना फ़ोटो एवं विवरण भी दें।

पत्रिका का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी रचनाशीलता के लिए अवसर प्रदान करना, विचारों को राजभाषा हिंदी में व्यक्त करने हेतु उत्साहित करना और कार्यालय के दैनिक कार्यों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है।

रचना के चयन एवं प्रकाशन हेतु परामर्शदात्री समिति निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेगी:

1. **रचनाएँ राजनीति से प्रेरित और पक्षपातपूर्ण न हों।**
2. **रचनाएँ विवादास्पद धार्मिक कथन युक्त न हों।**

रचना के प्रकाशन के संबंध में परामर्शदात्री समिति का निर्णय अंतिम होगा। समिति रचनाकारों को बिना कोई कारण बताए उनकी रचना को प्रकाशन हेतु अस्वीकार कर सकती है। इस संदर्भ में यह भी सूचित किया जाता है कि किसी भी स्थिति में रचनाकार की पांडुलिपि और छायाचित्र को वापस नहीं किया जाएगा।

समिति यह आशा करती है कि अधिकारी/कर्मचारी शब्द-सीमा का ध्यान रखते हुए निम्नलिखित विषयों पर अपनी रचनाएं लिखें:

1. विभागीय तकनीकी शोधपूर्ण लेख एवं छोटी/साहित्यिक/कहानी (2500 शब्दों तक)
2. कविता, गजल (500 शब्दों तक)
3. उत्कृष्ट यात्रा-वृत्त (2500 शब्दों तक)
4. हास्य, व्यंग्य इत्यादि।

रचनाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रकाशन के लिए स्वीकृत रचनाओं पर निम्नलिखित दर से नकद मानदेय दिया जाएगा:

| क्रम संख्या | रचना का स्वरूप | मानदेय-दर |
|---|---|---|
| 1. | विभागीय/साहित्यिक /तकनीकी शोधपूर्ण लेख एवं कहानी प्रति मुद्रित पृष्ठ-<br>अधिकतम सीमा- | रू. 800/-<br>रू. 3,000/- |
| 2. | कविता, गजल प्रति मुद्रित पृष्ठ-<br>अधिकतम सीमा- | रू. 600/-<br>रू. 1200/- |

हस्ता /-

वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन)

**संलग्नक: यथोपरि**

प्रति:

1. स .अ.ले.(प्रशासन-I) : इस कार्यालय आदेश को सभी कार्मिकों के सूचनार्थ कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

अरुण

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

# Circular

**Sub: Articles for publication of the 33rd issue of the office's Hindi in-house magazine 'Vande Mataram'.**

It is informed that the 33rd issue of the official Hindi magazine "Vande Mataram" will be e-published. All officers/employees of the office are requested to submit their compositions to the Official Language Section by **31/07/2026.**

The composition should be clearly written or typed on one side of A-4 size paper in two copies. The author is expected to provide a softcopy of the relevant composition (MS Word or doc. file). Also, the author should also give their photo and description in the attached format.

The objective of the magazine is to provide opportunities to the officers and employees for their creativity, to encourage them to express their thoughts in the official language Hindi and to promote the use of official language in the daily work of the office.

The advisory committee for the selection and publication of the compositions shall take care of the following:

1. **The compositions should not be politically motivated and biased.**
2. **The compositions should not contain controversial religious statement.**

The decision of the advisory committee regarding publication of the compositions will be final. The committee may reject the author's composition for publication without assigning any reason to them. In this context, it is also informed that under no circumstances the manuscript and photographs of the author will be returned.

The Committee expects the officers/officials to write their compositions on the following subjects, keeping in mind the word limit:

1. Departmental/Literary/Technical Research Articles and Short Stories (up to 2500 words).
2. Poems, Ghazals (up to 500 words),
3. Excellent travelogues (1000 to 2500 words),
4. Humour, Satire etc.

In order to encourage the authors, a cash honorarium will be given at the following rate on the compositions approved for publication:

| Sl. No. | Composition Pattern | Honorarium Rate |
|---|---|---|
| 1. | Departmental/Technical Research Articles/and Literary short stories printed per page-<br>Maximum limit- | Rs. 800/-<br>Rs. 3,000/- |
| 2. | Poems, Ghazals printed per page-<br>Maximum Limit- | Rs. 600/-<br>Rs. 1200/- |

Sd/-
Sr. Deputy Accountant General (Admin)

**Attachment: As above.**
**Copy to:**
**A.A.O. (Admn.-I):** To upload this office order on the website of the office for the information of all personnel.

अरुण
**Assistant Director (Official Language)**

## कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक.), पश्चिम बंगाल की गृह-पत्रिका 'वन्दे मातरम्' के 33वें अंक के रचनाकारों द्वारा भरा जाने वाला प्रारूप।

नाम:

पदनाम:

अनुभाग:

मोबाइल नंबर:

ई मेल-आईडी :

| रचनाकार का अद्यतित(Updated) पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो # |
|---|

"मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि यह मेरी मौलिक, अप्रकाशित एवं अप्रसारित रचना है।"

रचनाकार का हस्ताक्षर

# कृपया सुनिश्चित करें कि दिया जाने वाला फोटो कार्यालयीन परिवेश के अनुकूल हो।